SUMITOMO
ELECTRIC

# CODE OF CONDUCT

# आचार संहिता




SUMITOMO
ELECTRIC
GROUP


Sumitomo भावना
Banji-nissei
萬事入精
Shinyo-kakujitsu
信用確実
Fusu-furi
不趨浮利

अप्रैल, 2018

**प्रिय सहकर्मियो,**

120 वर्ष से अधिक समय के गौरवशाली इतिहास के साथ Sumitomo Electric Group (“SEG”) की Sumitomo भावना के सिद्धांतों के अनुसार व्यवसाय करने की लंबी परंपरा रही है। हम अपने कार्य में उत्कृष्टता लाने का प्रयास करते हैं, और हम हमारे व्यवसाय के संचालन में ईमानदारी रखने का प्रयास करते हैं। हम न केवल कानूनों और विनियमों के लिखित प्रावधानों और इनमें निहित भावना के तहत, बल्कि सर्वोच्च नैतिक मानदंडों के अनुसार कार्य संचालन करते हैं।

Sumitomo भावना के सिद्धान्त, जिन्हें 400 वर्ष पहले विकसित किया गया था, प्रतिदिन हमारे व्यावसायिक क्रियाकलापों में मार्गदर्शन करते हैं। हम सभी को हमारे कार्य में Sumitomo भावना का प्रदर्शन करना होगा।

- **Banji-nissei –** न केवल व्यवसाय में बल्कि अपने जीवन के प्रत्येक पहलू में ईमानदारी से अपना सर्वश्रेष्ठ दें।
- **Shinyo-kakujitsu –** ईमानदारी और अच्छे प्रबंधन को महत्व दें।
- **Fusu-furi –** आसान लाभों के लिए कभी भी ईमानदारी से समझौता न करें।

यह आचार संहिता, जिसे हमारे निदेशक मंडल (Board of Directors) द्वारा अनुमोदित किया गया है, SUMITOMO भावना को आगे बढ़ाती है और हममें से प्रत्येक से अपेक्षित व्यवहार के मानदंड दर्शाती है और निष्ठा के साथ व्यवसाय संचालन करने में हमारा मार्गदर्शन करती है। हालाँकि इसमें प्रत्येक स्थिति को शामिल नहीं किया जा सकता, फिर भी इसमें आपको नैतिक निर्णय करने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं।

हममें से प्रत्येक SEG के सदस्य के रूप में यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है कि हमारा पूरा समूह कानूनों और विनियमों का अनुपालन करे। हममें से प्रत्येक संहिता तथा इसमें संदर्भित सभी नीतियों को जानने, समझने और इनका पालन करने के लिए जिम्मेदार है।

मैं आपमें से प्रत्येक से Sumitomo भावना और इस आचार संहिता के अनुसार व्यवसाय करने के लिए व्यक्तिगत रूप से प्रतिबद्ध होने की माँग करता हूँ। अपने कार्य में इस संहिता की सहायता लें, उचित विवेक का प्रयोग करें, और यदि आपको अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता हो तो मार्गदर्शन लें। जब आपके पास प्रश्न होते हैं अथवा आप कोई चिंता व्यक्त करना चाहते हैं, तो SEG आपको आपके सुपरवाइज़र, आपके स्थानीय अनुपालन संपर्क (Local Compliance Liaison), और कानूनी विभाग (Legal Department), और जापान में अनुपालन तथा जोखिम प्रबंधन कार्यालय (Compliance & Risk Management Office) सहित संपर्क करने के लिए विभिन्न स्थान उपलब्ध कराती है।

जैसे-जैसे हम लगातार हमारे व्यवसाय को बढ़ाने पर ध्यान दे रहे हैं, वैसे-वैसे हमें ईमानदारी के साथ व्यवसाय करने को भी याद रखना होगा। आपके द्वारा SEG के लिए प्रतिदिन किए जाने वाले कार्य और यह कार्य Sumitomo भावना के अनुसार करने के लिए आपकी की प्रतिबद्धता के लिए आपका धन्यवाद।



**ओसामु इनोयु (Osamu Inoue)**
अध्यक्ष (President) और CEO
Sumitomo Electric Industries, Ltd.

# विषय-सूची

**संहिता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता**

हमारी संहिता....5

यह संहिता किस पर लागू होती है?....5

यदि मेरा स्थानीय कानून इस संहिता में दी गई नीति से अलग हो, तो क्या होगा?....5

हमारा अनुपालन और आचारनीति कार्यक्रम....5

हमारी जिम्मेदारियाँ....5

सुपरवाइज़रों और नेतृत्वकर्ताओं की जिम्मेदारियाँ....6

मार्गदर्शन माँगना और चिंताएं रिपोर्ट करना....6

मार्गदर्शन माँगना....6

चिंताओं के बारे में सूचित करना....6

हॉटलाइन....7

कोई बदला नहीं....7

रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद....7

उल्लंघनों के लिए जुर्माने....7

**नैतिक व्यावसायिक संचालन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता**

कानूनों का अनुपालन....8

उचित एवं ईमानदार व्यवहार....8

हम एकाधिकारी व्यापार रोधक एवं प्रतिस्पर्धा कानूनों का पालन करते हैं....8

हम रिश्वत देते अथवा लेते नहीं हैं....9

उपहार और मनोरंजन....10

सरकारों के साथ संव्यवहार करना....11

अंतरराष्ट्रीय व्यापार....11

भेदिया व्यापार....12

राजनैतिक चंदा और क्रियाकलाप....13

**कंपनी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता**

कंपनी की बहियाँ और रिकॉर्ड....13

हित के टकराव....13

कंपनी की परिसंपत्तियों का संरक्षण तथा उचित उपयोग और धोखाधड़ी की रोकथाम....14

गोपनीय सूचना और अन्य बौद्धिक सम्पदा....15

इंटरनेट और सूचना संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग....15

मीडिया और अन्य के साथ संपर्क....16

**हमारे लोगों और हमारे पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता**

एक दूसरे का सम्मान करना ........ 17
भेदभाव एवं उत्पीड़न की रोकथाम ........ 17
कर्मचारी की निजता और व्यक्तिगत डेटा ........ 17
कार्यस्थल सुरक्षा ........ 18
गुणवत्ता ........ 18
पर्यावरणीय अनुपालन ........ 18
मानवाधिकार ........ 18

**मैं किससे संपर्क कर सकता हूँ?** ........ 19



# संहिता
के प्रति हमारी प्रतिबद्धता



## हमारी संहिता

यह संहिता हमारे साझा मूल्यों और हममें से प्रत्येक से अपेक्षित व्यवहार के मानदंडों का एक वक्तव्य है। यह उन आधारभूत सिद्धांतों और प्रमुख नीतियों का विवरण देती है जो हमारे व्यावसायिक संचालन के तरीकों को नियंत्रित करती हैं। चूंकि हमारी सफलता हमारी प्रतिष्ठा पर निर्भर करती है, इसलिए कई स्थितियों में इस संहिता में संदर्भित नीतियाँ कानून की अपेक्षाओं के परे चली जाती हैं।

आपको संहिता सावधानीपूर्वक पढ़नी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आप संहिता और हमारी कंपनी की सफलता के लिए संहिता के महत्व को समझें। यदि आपके कोई प्रश्न हैं, तो अपने सुपरवाइज़र अथवा इस संहिता में चिह्नित अन्य संसाधनों से बात करें।

### यह संहिता किस पर लागू होती है?

यह संहिता नियंत्रित सहायक कंपनियों और प्रचालन कंपनियों के कर्मचारियों सहित कंपनी के प्रत्येक स्तर के सभी कर्मचारियों, अधिकारियों और निदेशकों पर लागू होती है। जब हमारे व्यवसाय भागीदार हमारे साथ व्यवसाय कर रहे होते हैं, तब हम उनसे भी इस प्रकार व्यवहार करने की अपेक्षा करते हैं जो हमारी संहिता के सिद्धांतों के अनुसार हो।

### यदि मेरा स्थानीय कानून इस संहिता में दी गई नीति से अलग हो, तो क्या होगा?

एक वैश्विक कंपनी के रूप में ऐसी स्थितियाँ आ सकती हैं जहाँ कोई स्थानीय कानून अथवा अन्य कानूनी अपेक्षा इस संहिता में निर्धारित मानदंडों से अलग होती है, अथवा जहाँ आप ऐसी स्थिति में आ सकते हैं जिनमें विरोधाभासी कानूनी अपेक्षाओं का सामना करना पड़े। हम हमेशा लागू कानूनों का अनुपालन करते हैं। यदि आपको हमारी संहिता और कानून के बीच किसी संभावित टकराव की जानकारी हो, तो सहायता के लिए कानूनी विभाग से संपर्क करें।

## हमारा अनुपालन और आचारनीति कार्यक्रम

हमारा अनुपालन और आचारनीति कार्यक्रम (Compliance and Ethics Program) Sumitomo भावना के अनुसार व्यवसाय करने की हमारी प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण है। इस कार्यक्रम के कुछ सरल परंतु महत्वपूर्ण लक्ष्य हैं – हममें से प्रत्येक को यह समझने में सहायता करना कि कानून की क्या अपेक्षाएं हैं और हमें इनका अनुपालन करने में सहायता करने के लिए संसाधन उपलब्ध कराना। SEG अनुपालन समिति के निर्देशन में अनुपालन और जोखिम प्रबंधन कार्यालय के पास हमारे अनुपालन तथा आचारनीति कार्यक्रम की निगरानी करने का प्राथमिक प्राधिकार और ज़िम्मेदारी है। इसके अतिरिक्त हमारी प्रत्येक समूह कंपनी में एक स्थानीय अनुपालन संपर्क है (Local Compliance Liaison) जो कार्यक्रम में सहायता करता है, और जो आप में से प्रत्येक के लिए एक संसाधन के रूप में कार्य करता है। यह संहिता कार्यक्रम और व्यावसायिक आचारनीति के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## हमारी जिम्मेदारियाँ

हममें से प्रत्येक निम्नलिखित के प्रति प्रतिबद्धता होगा:

- इस संहिता को और आपके कार्य पर लागू हमारी कंपनी की नीतियों को पढ़ें और समझें।
- कानून, इस संहिता, और कंपनी की नीतियों के लिखित प्रावधानों और इनमें निहित भावना का अनुपालन करें।
- संहिता, लागू कानून, अथवा कंपनी की नीतियों के ज्ञात अथवा संदिग्ध उल्लंघनों को अपने सुपरवाइज़र अथवा इस संहिता में चिह्नित अन्य संसाधनों को रिपोर्ट करें।
- यदि आपको सहायता की आवश्यकता हो, तो अपने सुपरवाइज़र, अपने स्थानीय अनुपालन संपर्क, कानूनी विभाग, मानव संसाधन, अथवा संहिता में चिह्नित किसी अन्य संसाधन से मार्गदर्शन लें।
- कंपनी की जाँचों, लेखापरीक्षाओं और अन्य समीक्षाओं में सहयोग करें।

## सुपरवाइज़रों और नेतृत्वकर्ताओं की जिम्मेदारियाँ

यदि आप एक कंपनी सुपरवाइज़र अथवा नेतृत्वकर्ता हैं, तो आपके ऊपर हमारी संहिता और Sumitomo भावना में प्रतिबिंबित मूल्यों को प्रदर्शित करने और हमारे कर्मचारियों को ऐसा करने में सहायता करने का विशेष दायित्व है। हमारी कंपनी के सुपरवाइज़रों और नेतृत्वकर्ताओं को निम्नलिखित के प्रति प्रतिबद्धता जतानी होगी:

- **"अपने मन की बात बताएं" की संस्कृति तैयार करना।** एक ऐसा कार्यस्थल वातावरण बनाए रखना जिसमें कर्मचारी प्रश्न पूछने और चिंताएं व्यक्त करने में सहज महसूस करें।
- **प्रेरणास्रोत बनें।** संहिता और Sumitomo भावना के अनुसार व्यवसाय करने का उदाहरण प्रस्तुत करें।
- **अनुपालन तथा आचारनीति कार्यक्रम का समर्थन करें।** कर्मचारियों को संहिता की सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित करें; यह सुनिश्चित करें कि जिनके साथ आप कार्य करते हैं वे अपने कार्यों पर लागू नीतियों से परिचित हों; कंपनी के अनुपालन प्रशिक्षण तथा संचारों का समर्थन करें; और आपके क्षेत्र में अनुपालन तथा आचारनीति कार्यक्रम को लागू करने में सहायता करें।
- **सुनें और मार्गदर्शन दें।** जो कर्मचारी चिंताएं व्यक्त करने और प्रश्न पूछने के लिए आपके पास आते हैं, उनके लिए उपलब्ध रहें। कर्मचारियों को नैतिक रूप से सही निर्णय लेने में सहायता करें।
- **चिंताओं को उपयुक्त विभाग को भेजें।** यदि आपको संदिग्ध दुर्व्यवहार की जानकारी होती है, तो मामले को अपने स्थानीय अनुपालन संपर्क, कानूनी विभाग, मानव संसाधन, अथवा इस संहिता में चिह्नित किसी अन्य संसाधन को भेजें।

## मार्गदर्शन माँगना और चिंताएं रिपोर्ट करना

### मार्गदर्शन माँगना

इस संहिता में सामने आने वाली प्रत्येक स्थिति का उल्लेख नहीं किया जा सकता। यदि आप निश्चित नहीं हैं कि कानून अथवा कंपनी की नीति की क्या अपेक्षा है अथवा यदि आप अपने आप को मुश्किल नैतिक स्थिति में पाते हैं, तो अपने सुपरवाइज़र, अपने स्थानीय अनुपालन संपर्क, कानूनी विभाग, अथवा मानव संसाधन सहित आपको उपलब्ध विभिन्न संसाधनों में से किसी एक से मार्गदर्शन माँगें।

### चिंताओं के बारे में सूचित करना

यदि आपको कानून, संहिता, अथवा हमारी कंपनी की नीतियों के किसी संदिग्ध अथवा वास्तविक उल्लंघन की जानकारी होती है, तो इसे रिपोर्ट करना आपकी ज़िम्मेदारी है। संदिग्ध दुर्व्यवहार अथवा अन्य चिंताओं को रिपोर्ट करने से हमारी कंपनी, हमारे सहकर्मियों और हमारे समुदायों को संरक्षित करने में सहायता मिलती है। हमारी कंपनी निम्नलिखित सहित आपको विभिन्न माध्यम उपलब्ध कराती है जहाँ आप किसी चिंता को रिपोर्ट कर सकते हैं:

- आपका सुपरवाइज़र
- आपका स्थानीय अनुपालन संपर्क
- कानूनी विभाग
- मानव संसाधन
- हॉटलाइन (आंतरिक/बाह्य)

**प्रश्न** मैं कार्य पर हो रही किसी घटना से असहज महसूस कर रहा/रही हूँ, परंतु मेरे पास इस बात का पुख्ता प्रमाण नहीं है कि हमारी संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है। मुझे क्या करना चाहिए?

**उत्तर** आपको मार्गदर्शन माँगना चाहिए अथवा संहिता में उल्लिखित संसाधनों का उपयोग करके अपनी चिंता को रिपोर्ट करना चाहिए। यदि आप प्रतीक्षा करते हैं, तो कंपनी अथवा अन्यों को किसी संभावित उल्लंघन से होने वाले नुकसान से बचाने में बहुत देरी हो सकती है। कंपनी मामलों की उचित रूप से जाँच करेगी।

**हॉटलाइन**

हमारी कंपनी कर्मचारियों को एक हॉटलाइन उपलब्ध कराती है जिस पर वे संदिग्ध दुर्व्यवहार रिपोर्ट करने अथवा कंपनी की नीति अथवा लागू कानून के संबंध में दिशानिर्देश माँगने के लिए कॉल अथवा ईमेल कर सकते हैं।

अधिकतर स्थानों पर कर्मचारी गुमनाम रूप से हॉटलाइन से संपर्क कर सकते हैं। कुछ देशों में हॉटलाइनों पर लागू होने वाले कानून अलग हैं और कभी-कभी प्रतिबंधात्मक होते हैं। इन मामलों में, क्या आप जिस देश में स्थित हैं वहाँ से कोई रिपोर्ट कर सकते हैं और यदि हाँ तो कैसे - इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आपको इस संहिता में वर्णित संसाधनों, आपके आंतरिक कंपनी दिशानिर्देश, अथवा आपकी स्थानीय इंट्रानेट साइट को देखना चाहिए।

**कोई बदला नहीं**

हमारी कंपनी संदिग्ध दुर्व्यवहार की नेकनीयती से रिपोर्ट करने के लिए कर्मचारियों के विरुद्ध किसी प्रकार के बदले को प्रतिबंधित करती है। यदि आपको बदले (आपके अथवा किसी अन्य कर्मचारी के विरुद्ध) की जानकारी है, तो इसके बारे में तुरंत कानूनी विभाग अथवा इस संहिता में चिह्नित किसी अन्य संसाधन को रिपोर्ट करें। हमारी कंपनी मामले की जाँच करेगी और उचित कार्रवाई करेगी।

**रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद**

संदिग्ध दुर्व्यवहार की रिपोर्टों की उचित ढंग से जाँच की जाएगी और यथासंभव सीमा तक इन्हें गोपनीय रखा जाएगा। आपको अपनी स्वयं की जाँच नहीं करनी चाहिए। जाँचों में प्राय: जटिल कानूनी मुद्दे होते हैं और स्वयं आपके द्वारा कार्रवाई किए जाने से कोई जाँच कमजोर हो सकती है और आपको और कंपनी दोनों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर सकती है।

## उल्लंघनों के लिए जुर्माने

लागू कानून के अधीन, कंपनी के जो कर्मचारी कानून, इस संहिता, अथवा कंपनी की नीतियों का उल्लंघन करते हैं, उनके विरुद्ध सेवा समाप्ति तक और इसके सहित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इसके अतिरिक्त कोई सुपरवाइज़र जो किसी उल्लंघन को निर्देशित अथवा अनुमोदित करता है, अथवा जिसे किसी उल्लंघन की जानकारी है और इसे तुरंत रिपोर्ट नहीं करता, तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

# नैतिक व्यावसायिक संचालन
के प्रति हमारी प्रतिबद्धता



## कानूनों का अनुपालन
हमारी कंपनी के व्यावसायिक क्रियाकलाप पूरे विश्व में बहुत सारे कानूनों, विनियमों, और प्रवर्तन क्रियाकलापों के अधीन हैं। जिस कानूनी और विनियामक भूदृश्य में हम प्रचालन करते हैं, वह अत्यधिक चुनौतीपूर्ण है। हमारी कंपनी में हम समझते हैं कि लागू कानून का अनुपालन हमारे समुदायों के प्रति हमारे दायित्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हम उन कानूनों तथा विनियमों का अनुपालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हम पर लागू होते हैं।

## उचित एवं ईमानदार व्यवहार
हम ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ व्यवसाय करते हैं। हम हमारे ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, प्रतिस्पर्धियों, कर्मचारियों, विनियामकों, और अन्य सभी के साथ निष्पक्ष व्यवहार करते हैं। हम बेईमानी अथवा अनुचित व्यावसायिक पद्धतियों के माध्यम से दूसरों का अनुचित लाभ नहीं उठाते। हम ऐसी वस्तुएं बनाते हैं और ऐसी सेवाएं प्रदान करते हैं जिन पर हम गर्व कर सकते हैं। प्रचार करते हुए हम हमारे उत्पादों और सेवाओं का उचित तथा सटीक तरीके से वर्णन करते हैं।

## हम एकाधिकारी व्यापार रोधक एवं प्रतिस्पर्धा कानूनों का पालन करते हैं
जहाँ कंपनी अपने सभी व्यावसायिक क्रियाकलापों में उत्साह के साथ प्रतिस्पर्धा करती है, वहीं बाजार में इसके प्रयास लागू एकाधिकारी व्यापार रोधक तथा प्रतिस्पर्धा कानूनों के अनुसार अवश्य किए जाने चाहिए। कुछ सबसे अधिक गंभीर एकाधिकारी व्यापार रोधक अपराधों में प्रतिस्पर्धियों के बीच समझौते जो किसी कंपनी के स्वतंत्र निर्णय को सीमित करते हैं, जैसे मूल्य निर्धारित करने, उत्पादन को सीमित करने, उत्पादों की गुणवत्ता को नियंत्रित करने, अथवा ग्राहकों, क्षेत्रों अथवा उत्पादों के लिए एक बाजार को विभाजित करने के लिए समझौते। आपको इनमें से किसी भी विषय पर किसी भी प्रतिस्पर्धी के साथ समझौता नहीं करना चाहिए क्योंकि ये समझौते वास्तव में हमेशा गैर-कानूनी होते हैं और कंपनी की नीति का उल्लंघन करते हैं।

यह आवश्यक नहीं है कि गैरकानूनी समझौते लिखित में हों अथवा कोई स्पष्ट समझौता हो। न्यायालय अनौपचारिक चर्चा अथवा प्रतिस्पर्धियों के बीच बस सूचना के आदान-प्रदान, जो एक गैरकानूनी समझौते में परिणत हो सकता है, के आधार पर समझौतों के संबंध में निष्कर्ष निकाल सकते हैं।

हमारे प्रतिस्पर्धियों के साथ ऐसी प्रतिस्पर्धात्मक रूप से संवेदनशील सूचना, जो सार्वजनिक क्षेत्र में नहीं है, के संबंध में चर्चा न करने अथवा आदान-प्रदान न करने (किसी अनौपचारिक बैठक में भी नहीं) के बारे में सावधान रहें जैसे:

- वर्तमान अथवा भविष्य की कीमतें, लाभ के अंतर अथवा मूल्य-निर्धारण कार्यनीति और मूल्य-संबंधित शर्तें (अधिभार, रियायत, छूट)
- विशिष्ट उत्पादों के संदर्भ में विस्तृत लागत सूचना (उदाहरण के लिए उल्लेखनीय सूचनाओं से संबंधित)
- विशिष्ट ग्राहकों के साथ बात-चीत करने, विशिष्ट ग्राहकों को लक्षित करने अथवा समान कार्यनीतिक क्रियाकलापों के प्रति कंपनी के दृष्टिकोण को प्रकट करते हुए नीतिगत सूचना
- प्रतिस्पर्धात्मक रूप से संवेदनशील नए सेवा संबंधी प्रस्तावों, प्रचार और उत्पाद योजनाओं का विवरण
- कर्मचारी को प्रतिपूर्ति अथवा लाभों के संबंध में सूचना

प्रतिस्पर्धियों को साथ लाकर व्यापार संघ एकाधिकारी व्यापार रोधक चिंताएं व्यक्त कर सकते हैं, यहाँ तक कि ऐसे समूह बहुत से कानूनी लक्ष्यों को भी पूरा कर सकते हैं। आपको किसी व्यापार संघ से जुड़ने अथवा किसी ऐसी बैठक, जिसमें प्रतिस्पर्धात्मक रूप से संवेदनशील विषयों पर चर्चा किए जाने की संभावना हो, में भाग लेने से पहले अपने स्थानीय अनुपालन संपर्क अथवा कानूनी विभाग को सूचित करना होगा। हमारी कंपनी की विस्तृत प्रक्रियाएं हैं जो इन स्थितियों को नियंत्रित करती हैं। अतिरिक्त जानकारी हेतु प्रतिस्पर्धात्मक कानूनों के अनुपालन के लिए नियम देखें।

एकाधिकारी व्यापार रोधक तथा प्रतिस्पर्धा कानूनों के तहत चिंताएं बढ़ाने वाले अन्य क्रियाकलाप हैं:

- किसी आपूर्तिकर्ता के साथ कंपनी के प्रतिस्पर्धियों को उस आपूर्तिकर्ता की बिक्री सीमित करने के लिए समझौता करना
- वितरकों अथवा वाणिज्यिक मध्यस्थों के साथ लेन-देन में पुनर्विक्रय मूल्य को नियंत्रित करना
- किसी प्रतिस्पर्धी, आपूर्तिकर्ता अथवा ग्राहक के साथ संव्यवहार करने से सामूहिक रूप से मना करना
- ऐसे विशेष लेन-देन समझौते जिनमें किसी ग्राहक को एक ही कंपनी से ख़रीदारी करनी होती है अथवा एक आपूर्तिकर्ता को उसी कंपनी को माल बेचना होता है
- ऐसी संबद्धता व्यवस्थाएं जहाँ किसी ग्राहक अथवा आपूर्तिकर्ता को एक उत्पाद खरीदने के साथ शर्त के रूप में एक दूसरा अलग उत्पाद भी खरीदना होता है
- "बेहद सस्ती कीमत," जहाँ कोई कंपनी ऐसी छूट देती है जिसके परिणामस्वरूप एक उत्पाद का बिक्री मूल्य उत्पाद की लागत से कम हो जाता है, और यह उस मूल्य को इतने लंबे समय तक बनाए रखने के इरादे से किया जाता है जितने समय में प्रतिस्पर्धियों को बाजार से बाहर किया जा सके

यह हमेशा स्पष्ट नहीं होता कि क्या कोई क्रियाकलाप प्रतिस्पर्धा विरोधी है, इसलिए मार्गदर्शन के लिए कृपया अपने स्थानीय अनुपालन संपर्क, प्रतिस्पर्धा कानून अनुपालन अधिकारी, अथवा कानूनी विभाग से परामर्श करें।

**प्रश्न** मेरा कॉलेज के समय का एक घनिष्ठ मित्र हमारे एक प्रतिस्पर्धी के लिए काम करता है। पिछले सप्ताह उसने मुझसे हमारे एक सर्वाधिक बिकने वाले उत्पाद के संबंध में प्रतिस्पर्धात्मक रूप से संवेदनशील सूचना के बारे में पूछा। मैंने इस मुद्दे को टाल दिया, परंतु मैं इस संबंध में कुछ दिशानिर्देश चाहूँगा कि यदि पुन: ऐसा हो तो क्या करना चाहिए।

**उत्तर** आपको कंपनी के किसी भी प्रतिस्पर्धी के साथ प्रतिस्पर्धात्मक रूप से संवेदनशील सूचना के बारे में बात करने से पूरी तरह से बचना चाहिए। हालाँकि हम समझते हैं कि सामाजिक स्थितियों में कभी-कभी उचित ढंग से व्यवहार करना मुश्किल हो सकता है, फिर भी आपको अपने मित्र को यह स्पष्ट करना होगा कि SEG नीति आपको प्रतिस्पर्धियों के साथ मूल्य अथवा बिक्री की अन्य शर्तों के संबंध में बात करने से सख्ती से प्रतिबंधित करती है।

## हम रिश्वत देते अथवा लेते नहीं हैं

रिश्वतख़ोरी समुदायों को अत्यधिक नुकसान पहुँचाती है, और यह कंपनी को बहुत बड़ा नुकसान पहुँचा सकती है। रिश्वतख़ोरी में किसी व्यावसायिक निर्णय को प्रभावित करने अथवा अनुचित रूप से कोई व्यावसायिक लाभ प्राप्त करने के लिए किसी मूल्यवान चीज का प्रस्ताव करना, देना अथवा प्राप्त करना सम्मिलित होता है।

आपको प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से रिश्वत प्राप्त करने अथवा स्वीकार करने के लिए किसी को कतई प्राधिकृत, प्रस्ताव, वायदा नहीं करना चाहिए, देना अथवा अनुरोध नहीं करना चाहिए, सहमति नहीं देनी चाहिए।

यह आवश्यक नहीं है कि रिश्वत में हमेशा नकद राशि दी जाए। रिश्वत कई प्रकार की हो सकती है जिसमें मनोरंजन, अनुचित छूट, जिस व्यक्ति को आप प्रभावित करना चाहते हैं उसके परिवार के किसी सदस्य को नियुक्त करना, अथवा यहाँ तक कि किसी व्यावसायिक निर्णय को प्रभावित करने के लिए धर्मार्थ अंशदान देना शामिल है। रिश्वत, प्राप्तकर्ता के लिए कोई भी मूल्यवान वस्तु हो सकती है। इसके अतिरिक्त रिश्वत के रूप में पेशकश की गई अथवा दी गई राशि का कोई महत्व नहीं है। यदि आपसे धन अथवा किसी ऐसी मूल्यवान वस्तु का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, जो रिश्वत के रूप में हो सकती है, तो इस मामले को तत्काल कानूनी विभाग को रिपोर्ट करें।

कई देशों में ऐसे कानून हैं जो सरकारी अधिकारियों के रिश्वत लेने पर रोक लगाते हैं। सरकारी-स्वामित्व वाले संगठनों (जैसे राज्य के स्वामित्व वाली दूरसंचार कंपनी, ऊर्जा कंपनी, अथवा अस्पताल) के कर्मचारियों को अधिकतर रिश्वत-रोधी कानूनों के तहत सरकारी अधिकारी समझा जाता है। कई देशों में व्यक्तियों अथवा निजी कंपनियों के रिश्वत लेने पर भी प्रतिबंध है। कंपनी सभी परिस्थितियों में रिश्वतख़ोरी पर सख्ती से प्रतिबंध लगाती है, चाहे इसमें कोई सरकारी अधिकारी, कोई निजी व्यक्ति, अथवा अन्य कंपनियाँ शामिल हों। रिश्वत-रोधी कानूनों के उल्लंघन से हमारी

प्रतिष्ठा को नुकसान, बड़े जुर्माने और व्यक्तियों के लिए जेल सहित आपके और हमारी कंपनी के लिए गंभीर परिणाम हो सकते हैं। आपको ऐसे क्रियाकलापों से बचना चाहिए जो कुछ अनुचित होने का संकेत भी देते हों।

हमारी कंपनी के व्यवसाय से जुड़े तृतीय पक्षों द्वारा की गई रिश्वतख़ोरी के लिए कंपनी को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। हमें हमारे व्यावसायिक भागीदारों तथा एजेंटों का चयन करते समय सावधानी बरतनी होगी, और यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे हमारे नाम पर रिश्वत न दें, जहाँ उचित हो वहाँ जाँच की जानी चाहिए। तृतीय पक्षों के साथ संबंधों की शुरुआत करते समय हमारी कंपनी की कार्य प्रक्रियाओं का अनुपालन करें। और जब भी किसी व्यावसायिक भागीदार के अवैध अथवा अनैतिक क्रियाकलापों में संलिप्त होने के संकेत मिले, तो चेतावनी के इन संकेतों को नजरअंदाज न करें। यदि आपको जानकारी है कि हमारा कोई व्यावसायिक भागीदार रिश्वत दे अथवा ले रहा है अथवा ऐसे संकेत मिलते हैं तो उस क्रियाकलाप में भाग न लें और यथाशीघ्र अपने स्थानीय अनुपालन संपर्क, रिश्वत रोकथाम प्रबंधक (Bribery Prevention Manager), अथवा कानूनी विभाग को सूचित करें।

सामान्य रूप से छोटे-छोटे व्यावसायिक शिष्टाचार जैसे व्यवसाय के प्रचार अथवा अनुबंध के निष्पादन से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित भोजन के लिए किए जाने वाले उचित व्यय पर प्रतिबंध नहीं है। फिर भी, सरकारी अधिकारियों के लिए भोजन तथा व्यावसायिक शिष्टाचार के प्रावधान को नियंत्रित करने वाले कानून जटिल हैं, और ये स्थान-दर-स्थान अलग-अलग हैं। अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आपको किसी सरकारी अधिकारी को भोजन, उपहार, मनोरंजन, यात्रा व्यय अथवा किसी प्रकार के व्यावसायिक शिष्टाचार का भुगतान करने से पहले अपने रिश्वत रोकथाम प्रबंधक और कानूनी विभाग से अग्रिम अनुमोदन अवश्य प्राप्त करना चाहिए। आपको ऐसे खर्च का सही-सही रिकॉर्ड भी अवश्य रखना चाहिए।

**प्रश्न** क्या ऐसे कोई चेतावनी के संकेत होते हैं जो यह दर्शा सकें कि हमारा व्यावसायिक भागीदार अथवा एजेंट रिश्वतख़ोरी में संलिप्त हो सकता है?

**उत्तर** हाँ, ऐसे कुछ “खतरे के संकेत” होते हैं जिन पर आपको किसी व्यावसायिक भागीदार अथवा एजेंट के साथ व्यावसायिक लेन-देन संबंधी व्यवहार करते हुए ध्यान देना चाहिए और इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- व्यावसायिक लेन-देन एक ऐसे देश में हो रहा है जो रिश्वतख़ोरी और भ्रष्टाचार के लिए जाना जाता है।
- व्यावसायिक भागीदार अथवा एजेंट के पास कार्य का निष्पादन करने अथवा अपेक्षित सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कौशल नहीं है।
- व्यावसायिक भागीदार अथवा एजेंट भुगतान की असामान्य शर्तें अनुरोध करता है जैसे अग्रिम शुल्क के रूप में बड़ी राशि, अथवा भुगतान किसी दूसरे देश में किसी खाते अथवा किसी व्यक्ति को करने के लिए कहता है।
- व्यावसायिक भागीदार अथवा एजेंट हमारे करार में हमारे रिश्वत-रोधी प्रावधानों पर सहमति देने से मना कर देता है।
- व्यावसायिक भागीदार अथवा एजेंट हमारे व्यवसाय पर निर्णय लेने के प्राधिकार वाले किसी सरकारी अधिकारी से जुड़ा हुआ है।

## उपहार और मनोरंजन

जब आप कंपनी की ओर से व्यावसायिक निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल होते हैं तो आपके निर्णय बिना किसी समझौते के निष्पक्ष मूल्यांकन पर आधारित होने चाहिए। यदि उपहार अथवा अन्य लाभ स्वीकार करने से आपके व्यावसायिक फैसले अथवा निर्णय प्रभावित हो सकते हैं अथवा उपहार से प्रभावित होते प्रतीत हो सकते हैं, तो ऐसे उपहार अथवा लाभ कभी भी स्वीकार न करें।

आपको कंपनी के साथ व्यवसाय कर रहे लोगों से कभी भी उपहार, मनोरंजन, अथवा किसी अन्य व्यावसायिक शिष्टाचार की माँग नहीं करनी चाहिए। पूर्व में लिखित अनुमोदन के बिना नकद अथवा नकद के समतुल्य उपहार जैसे किसी भी राशि के उपहार कार्ड प्रतिबंधित हैं। रिश्वत अथवा किकबैक के रूप में कोई उपहार अथवा मनोरंजन उपलब्ध कराना अथवा प्राप्त करना प्रतिबंधित है। हम ऐसे मनोरंजन अथवा उपहार भी देते अथवा लेते नहीं हैं जो व्यक्तियों के लिए हमारी कंपनी के सम्मान के मानदंडों के अनुरूप न हों।

भोजन और मनोरंजन सहित अनचाहे उपहार तथा व्यावसायिक शिष्टाचार तब स्वीकार्य हैं यदि ये परंपरागत हों और सामान्य रूप से स्वीकार्य व्यावसायिक शिष्टाचार हो; अधिक मूल्य के न हों और न ही बार-बार दिए जाएँ; बिना किसी ऐसी व्यक्त अथवा अव्यक्त समझ के दिए तथा स्वीकार किए जाएँ कि प्राप्तकर्ता उपहार स्वीकार करके किसी प्रकार से बाध्य हो गया है। अत्यधिक मूल्य के अथवा असामान्य प्रकृति के उपहार रिश्वत रोकथाम प्रबंधक के पूर्व लिखित अनुमोदन के बिना दिए अथवा स्वीकार नहीं किए जाने चाहिए।

हमारे कई आपूर्तिकर्ताओं और ग्राहकों की उनकी स्वयं की उपहार तथा मनोरंजन नीतियाँ हैं। सावधानी रखें कि आप जानते हुए ऐसा कोई उपहार अथवा मनोरंजन उपलब्ध न कराएं अथवा स्वीकार न करें जो दूसरी कंपनी की उपहार तथा मनोरंजन नीति का उल्लंघन करे।

**प्रश्न** मैं हमारे सर्वश्रेष्ठ ग्राहकों में से एक को धन्यवाद कहने के लिए एक विशेष उपहार देना चाहता हूँ। मेरे पास कुछ थिएटर टिकट उपलब्ध हैं और मैं जानता हूँ कि ये उसे पसंद आएगी, परंतु मुझे लगता है कि उसके लिए इन्हें स्वीकार करना उसकी कंपनी की नीति के विरुद्ध है। यदि उसे इस नीति का उल्लंघन करने में कोई परेशानी नहीं है और वह इसके लिए तैयार है तो क्या मैं उसे टिकटें दे सकता हूँ?

**उत्तर** नहीं। यदि आप जानते हैं कि उपहार देने से प्राप्तकर्ता की कंपनी की नीति का उल्लंघन होगा तो आप उपहार नहीं दे सकते। यदि आप निश्चित नहीं हैं कि किसी उपहार की अनुमति है अथवा नहीं, तो आपको पूछना चाहिए। जैसे हम दूसरों से हमारे मानदंडों का सम्मान करने की आशा करते हैं, उसी प्रकार हम उनके मानदंडों का सम्मान करेंगे।

## सरकारों के साथ संव्यवहार करना

उपहार और मनोरंजन, नियुक्ति, और यहाँ तक कि दूसरों के साथ संचार करने सहित व्यवसाय के कई क्षेत्रों में सरकारी एजेंसियों और अधिकारियों के साथ हमारे व्यवहार पर अलग – और प्राय: अत्यधिक सख्त – नियम लागू होते हैं। जो वाणिज्यिक व्यावसायिक वातावरण में स्वीकार्य है, वह संभवत: सरकार के साथ हमारे संव्यवहार में स्वीकार्य न हो।

सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को उपहार, भोजन, मनोरंजन, यात्रा और अन्य लाभ देने को नियंत्रित करने वाले कानून हैं। आपके लिए अपने रिश्वत रोकथाम प्रबंधक और कानूनी विभाग के पूर्व लिखित अनुमोदन के बिना कंपनी के व्यवसाय के संबंध में सरकारी अधिकारियों अथवा कर्मचारियों अथवा उनके परिवारों के सदस्यों को उपहार, मनोरंजन, अथवा कोई मूल्यवान वस्तु देने की मनाही है। हमारी कंपनी में काम करने के लिए किसी सरकारी अधिकारी अथवा उनके परिवार के किसी सदस्य को नियुक्त करने के लिए भी विशेष नियम लागू होते हैं। यदि आप किसी सरकारी अधिकारी अथवा किसी सरकारी अधिकारी के परिवार के किसी सदस्य को रोजगार का प्रस्ताव देने पर विचार कर रहे हैं, तो आपको पहले यह सुनिश्चित करने के लिए कानूनी विभाग से संपर्क करना होगा कि आप लागू कानून का अनुपालन कर रहे हैं।

इसके अतिरिक्त, सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ हमारी सभी पारस्परिक-क्रियाओं में यह महत्वपूर्ण है कि हम सुनिश्चित करें कि सभी वक्तव्य और संचार सत्य, पूर्ण और सटीक हों। हमें सभी समय, लागतों, और शुल्क को उचित लेखाओं में सही ढंग से रिकॉर्ड भी करना चाहिए। और जहाँ लागू हो, वहाँ हमें यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि हम सरकारी गोपनीय तथा संवेदनशील सूचना की साज-संभाल के लिए सभी अपेक्षाओं का अनुपालन करें।

## अंतरराष्ट्रीय व्यापार

हमारी कंपनी पूरे विश्व में व्यवसाय करती है और हम उत्पादों को आयात और निर्यात करने के तरीके सहित सीमा पार व्यवसाय किए जाने को नियंत्रित करने वाले सभी लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन करते हैं। हम उन कानूनों और विनियमों के अधीन भी हैं जो हमें कुछ देशों में अथवा कुछ व्यक्तियों अथवा संगठनों के साथ व्यवसाय करने से प्रतिबंधित करते हैं। यदि आपकी जिम्मेदारियों में देशों के बीच, यहाँ तक कि SEG सहायक कंपनियों के बीच भी वस्तुओं, सेवाओं, अथवा प्रौद्योगिकी की बिक्री अथवा अंतरण शामिल है तो आपको इस क्षेत्र में वर्तमान कानून और कंपनी की नीति के संबंध में सूचित रहना चाहिए और यदि आपके कोई प्रश्न हों तो कानूनी विभाग से पूछने चाहिए।

## भेदिया व्यापार

हम सभी लागू प्रतिभूति कानूनों का अनुपालन करते हैं। जब आपके पास कंपनी के बारे में महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक सूचना (जिसे कभी-कभी "भेदिया सूचना" कहा जाता है) हो तब आपको कंपनी की प्रतिभूति को कतई खरीदना अथवा बेचना नहीं चाहिए। इसे "भेदिया व्यापार" कहा जाता है, और यह गैरकानूनी है। भेदिया सूचना वह सूचना होती है जो कोई निवेशक किसी प्रतिभूति को खरीदने अथवा बेचने का निर्णय करने में महत्वपूर्ण समझेगा। इसके उदाहरणों में वित्तीय परिणाम, नए अथवा सौंपी न गए अनुबंध, उत्पाद की सूचना, बिक्री के परिणाम, और महत्वपूर्ण कर्मचारी बदलाव शामिल हैं। किसी ऐसे व्यक्ति, जो प्रतिभूतियाँ खरीद अथवा बेच सकता है, को यह सूचना देना, जिसे "टिपिंग" कहा जाता है, भी अवैध है। यह प्रतिबंध तब SEG प्रतिभूतियों और अन्य कंपनियों की प्रतिभूतियों पर लागू होता है यदि आप SEG के लिए आपके कार्य के दौरान दूसरी कंपनियों (जैसे हमारे आपूर्तिकर्ता अथवा ग्राहक) के बारे में किसी महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक सूचना के बारे में जान जाते हैं।

**प्रश्न** आपको अपने कार्य के माध्यम से पता चलता है कि हमारी कंपनी द्वारा अगले कुछ माह में एक रूचि दिखाने वाली प्रौद्योगिकी कंपनी का अधिग्रहण किए जाने की संभावना है। आप अपने भाई को कोई विवरण बताए बिना यह सुझाव देते हैं कि वह उस प्रौद्योगिकी कंपनी में कुछ शेयर खरीदना चाहेगा। क्या इसमें कोई समस्या है?

**उत्तर** हाँ, इसमें समस्या है। हालाँकि आपने अपने भाई को कोई विवरण नहीं दिया है, फिर भी संभवत: आप उसे उस प्रौद्योगिकी कंपनी में शेयर खरीदने का सुझाव देकर "गुप्त सूचना देने" में शामिल हो गए हैं।

**प्रश्न** मेरे कार्य के दौरान मैंने सुना कि हमारा एक कॉर्पोरेट ग्राहक शीघ्र ही घोषणा करेगा कि उसे एक बड़ा अनुबंध मिलने वाला है। क्या मैं उनकी कंपनी में शेयर खरीद सकता हूँ?

**उत्तर** नहीं, क्योंकि इसमें ग्राहक की अंदरूनी जानकारी शामिल है, जो आपको हमारी कंपनी के साथ आपके कार्य के दौरान प्राप्त हुई है।

## राजनैतिक चंदा और क्रियाकलाप

क्या हम राजनैतिक उम्मीदवारों और दलों को चंदा देते हैं और सरकार की कार्रवाई को प्रभावित करने का प्रयास करते हैं और ऐसा कैसे करते हैं इन बातों को नियंत्रित करने वाले कानूनों सहित हम राजनैतिक मामलों में हमारी कंपनी की भागीदारी को नियंत्रित करने वाले सभी कानूनों का अनुपालन करते हैं। इस क्षेत्र में कानून जटिल हैं, और ये उन विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग हैं जहाँ हमारी कंपनी अपने व्यवसाय का प्रचालन करती है। आपको किसी राजनैतिक उम्मीदवार अथवा दल के समर्थन में हमारी कंपनी के संसाधनों का उपयोग करने से पहले, अथवा कानूनी या सरकारी कार्रवाई को प्रभावित करने के लिए हमारी कंपनी की ओर से किसी सरकारी अधिकारी के साथ प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से बातचीत करने से पहले अपने स्थानीय अनुपालन संपर्क, रिश्वत रोकथाम प्रबंधक, और कानूनी विभाग से परामर्श करना होगा।

**प्रश्न** एक प्रबंधक ने मुझसे एक राजनैतिक उम्मीदवार को चंदा देने के लिए कहा है। उसने मुझसे कहा कि कंपनी "आपको इसकी प्रतिपूर्ति कर देगी।" क्या इसकी अनुमति है?

**उत्तर** नहीं, इसकी अनुमति नहीं है। आपको यह अनुरोध अस्वीकार कर देना चाहिए और इस संहिता में उल्लिखित संसाधनों का उपयोग करके यह मामला रिपोर्ट करना चाहिए।



# कंपनी

के प्रति हमारी प्रतिबद्धता

## कंपनी की बहियाँ और रिकॉर्ड

हमारी कंपनी में हम सभी यात्रा तथा व्यय रिपोर्टों सहित सभी व्यावसायिक दस्तावेजों को सटीकता से, सत्यता से, और समयबद्ध रूप से पूरा करते हैं। हम हमारी आवधिक वित्तीय रिपोर्टों सहित सरकारी विनियामकों के समक्ष दाखिल की जाने वाली रिपोर्टों और दस्तावेजों में भी पूर्ण, उचित, सटीक, और समयबद्ध खुलासे करते हैं। जब लागू हो, तब दस्तावेजों को उचित ढंग से प्राधिकृत किया जाना चाहिए। हम लागू कानूनों और लेखांकन पद्धतियों का अनुपालन करते हुए कंपनी के वित्तीय क्रियाकलापों को रिकॉर्ड करते हैं। हमें कंपनी के रिकॉर्डों में कभी भी गलत अथवा भ्रामक प्रविष्टियाँ नहीं करनी चाहिए और हमारे रिकॉर्डों से ऐसी किसी सूचना को बाहर नहीं रखना चाहिए जिसे रिकॉर्ड करना आवश्यक हो।

हमें कानून और कंपनी की नीति द्वारा अपेक्षित समयावधि के लिए और पद्धति के अनुसार कंपनी के रिकॉर्ड अवश्य रखने चाहिए।

**प्रश्न** यह तिमाही रिपोर्टिंग अवधि का अंतिम सप्ताह है। मेरा बॉस यह सुनिश्चित करना चाहता है कि हम इस तिमाही के लिए हमारे आँकड़ों को पूरा करें, इसलिए उसने मुझसे एक बिक्री रिकॉर्ड करने के लिए कहा जबकि दस्तावेजों का कार्य पूरा नहीं होगा। मुझे लगता है कि इससे किसी को नुकसान नहीं होगा – क्या मुझे वैसा करना चाहिए जैसा वह कह रहा है?

**उत्तर** नहीं, आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। जब तक किसी नीति में अन्यथा ऐसा प्रावधान न किया गया हो, बिक्री तभी रिपोर्ट की जा सकती है जब अनुबंध को अंतिम रूप दे दिया जाता है। आपको यह मामला कानूनी विभाग, लेखांकन प्रभाग (Accounting Division) को, अथवा इस संहिता में चिह्नित किसी अन्य संसाधन के माध्यम से रिपोर्ट करना चाहिए।

**प्रश्न** एक सहकर्मी आपसे कुछ ईमेलें मिटाने के लिए कहता है क्योंकि उसका मानना है कि एक मुकदमा दायर किया जाएगा और इन ईमेलों से उसे परेशानी हो सकती है। क्या आप ऐसा कर सकते हैं?

**उत्तर** नहीं। यह किसी कानूनी वाद से संबंधित रिकॉर्डों के संरक्षण के संदर्भ में हमारी नीति का– और संभवत: कानून का भी उल्लंघन होगा। आपको इस संहिता में वर्णित कार्य प्रक्रियाओं का उपयोग करके मामले को रिपोर्ट करना होगा।

## हित के टकराव

हमारी कंपनी में हममें से प्रत्येक पर कंपनी के सर्वश्रेष्ठ हितों के आधार पर बाहरी प्रभावों से स्वतंत्र होकर कंपनी को प्रभावित करने वाले निर्णय लेने की ज़िम्मेदारी है। हित में टकराव तब होता है जब कोई व्यक्तिगत हित निष्पक्ष रूप से और प्रभावी ढंग से हमारी कंपनी के लिए अपना कार्य करने की आपकी क्षमता को प्रभावित कर सकता है। हमारी कंपनी का व्यवसाय ईमानदार तथा नैतिक रूप से प्रचालित करने के हमारे दायित्व में ऐसी स्थितियों को उचित ढंग से प्रबंधित करना शामिल है जो हित का टकराव उत्पन्न करती हैं, अथवा जो दूसरों के बीच ऐसी धारणा बनाती हैं कि कोई टकराव मौजूद हो सकता है। यदि आपको लगता है कि आपके सामने कोई टकराव है अथवा यदि आपको किसी संभावित टकराव की जानकारी है, तो आपको तुरंत अपने सुपरवाइज़र, अपने स्थानीय अनुपालन संपर्क, अथवा कानूनी विभाग को बताना चाहिए।

जबकि ऐसी प्रत्येक स्थिति का उल्लेख करना असंभव है जिसमें हित का टकराव हो सकता है, फिर भी निम्नलिखित कुछ ऐसी स्थितियों के उदाहरण हैं जो टकराव उत्पन्न कर सकती हैं और जिन्हें अवश्य प्रकट किया जाना चाहिए:

- ग्राहकों या आपूर्तिकर्ताओं अथवा हमारे प्रतिस्पर्धियों सहित, ऐसी कंपनियों में **वित्तीय हित** जो हमारी कंपनी के साथ व्यवसाय करती हैं अथवा करना चाहती हैं। हमें अपने व्यक्तिगत वित्तीय निवेशों से हमारी कंपनी की ओर से हमारे स्वतंत्र निर्णय को प्रभावित नहीं होने देना चाहिए अथवा ऐसा प्रतीत नहीं होने देना चाहिए। यह कई प्रकार से हो सकता है परंतु टकराव होने की संभावना वहीं अधिक होती है जहाँ आपने अपने प्रतिस्पर्धी, आपूर्तिकर्ता अथवा ग्राहक में निवेश कर रखा हो और हमारी कंपनी की ओर से आपके निर्णय किसी तृतीय पक्ष को लाभ पहुँचा सकते हों।
- हमारी कंपनी के प्रतिस्पर्धी, किसी आपूर्तिकर्ता, ग्राहक, अथवा अन्य व्यवसाय भागीदार के साथ **रोजगार** अथवा एक परामर्शदाता के रूप में जुड़ना।
- **किसी ऐसे आपूर्तिकर्ता, किसी एजेंट, किसी वितरक अथवा अनुबंधकर्ता को हमारी कंपनी का व्यवसाय उपलब्ध कराना** जो आपके, आपके परिवार के सदस्यों, अथवा नजदीकी मित्रों के प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष स्वामित्व अथवा प्रबंधन में हो।
- **कॉर्पोरेट अवसर,** अर्थात किसी ऐसे व्यावसायिक अवसर का व्यक्तिगत लाभ लेना जिसके बारे में आपको हमारी कंपनी में आपके कार्य के कारण पता चला हो।
- हमारी कंपनी में **परिवार के किसी सदस्य** को नियुक्त, पदोन्नत करना अथवा उसका पर्यवेक्षण करना।
- **किसी ऐसे संगठन में निदेशक मंडल अथवा अन्य सलाहकार निकाय में सेवा देना** जो हमारी कंपनी का प्रतिस्पर्धी, ग्राहक, अथवा आपूर्तिकर्ता है।

**प्रश्न** मेरी भाभी की एक कंपनी है जो हमारी कंपनी की एक आपूर्तिकर्ता बनना चाहती है। वे सर्वश्रेष्ठ मूल्य पर सर्वश्रेष्ठ सेवा प्रदान करते हैं, और मैं उसकी कंपनी की सेवाएं लेना चाहूँगा। क्या यह हित का टकराव है?

**उत्तर** यह हो सकता है, चाहे आपको लगता है कि आपकी भाभी की कंपनी इसके प्रतिस्पर्धियों की तुलना में हमारी कंपनी के लिए बेहतर मूल्य प्रदान करेगी। आपको यह स्थिति अपने सुपरवाइज़र अथवा स्थानीय अनुपालन संपर्क के समक्ष प्रकट करनी चाहिए। आपको अपनी भाभी की कंपनी के साथ व्यवसाय करना है अथवा नहीं, इस निर्णय में आपको शामिल नहीं होना चाहिए अथवा इसे प्रभावित नहीं करना चाहिए। और यदि आपकी भाभी की कंपनी आपूर्तिकर्ता बन जाती है, तो आपको इस आपूर्तिकर्ता के संबंध में कोई निर्णय-लेने संबंधी अथवा पर्यवेक्षण पद नहीं लेना चाहिए और आपको हमारी कंपनी और आपूर्तिकर्ता के बीच संबंध पर कोई प्रभाव डालने से बचना चाहिए।

## कंपनी की परिसंपत्तियों का संरक्षण तथा उचित उपयोग और धोखाधड़ी की रोकथाम

हममें से प्रत्येक की हमारी कंपनी की परिसंपत्तियों के संरक्षण और धोखाधड़ी तथा चोरी को रोकने और रिपोर्ट करने के लिए ज़िम्मेदारी है। धोखाधड़ी, चोरी, लापरवाही, और अपव्यय का हमारी कंपनी की लाभकारिता पर सीधा प्रभाव पड़ता है। प्राधिकृत किए जाने को छोड़कर कंपनी के समय, उपकरणों, सामग्री, संसाधनों, और मालिकाना सूचना सहित कंपनी की परिसंपत्तियों का उपयोग केवल व्यवसाय के उद्देश्यों से किया जाना चाहिए। जब आप कंपनी छोड़ते हैं, तब कंपनी की सम्पूर्ण संपत्ति कंपनी को अवश्य वापस कर दी जानी चाहिए।

**प्रश्न** क्या मैं अपने आपूर्तिकर्ताओं को अपनी पत्नी के खानपान सेवा संबंधी व्यवसाय के बारे में सूचना प्रदान कर सकता हूँ?

**उत्तर** नहीं। हमारे आपूर्तिकर्ताओं को आपकी पत्नी के खानपान सेवा व्यवसाय के बारे में सूचना देने की अनुमति नहीं है क्योंकि इसमें कंपनी के संसाधनों (हमारे आपूर्तिकर्ताओं की सूची) का निजी व्यवसाय के उद्देश्यों से उपयोग होगा। हमारे आपूर्तिकर्ता आपकी पत्नी की कंपनी के साथ व्यवसाय करने के लिए बाध्य महसूस कर सकते हैं और यह हमारे आपूर्तिकर्ताओं के साथ हमारी कंपनी के संबंधों को प्रभावित कर सकता है।

## गोपनीय सूचना और अन्य बौद्धिक सम्पदा

हम सब की ग्राहकों सहित हमारी कंपनी और तृतीय पक्षों की गोपनीय सूचना की सुरक्षा करने की ज़िम्मेदारी है। हम तब तक कंपनी के अंदर अथवा बाहर किसी के भी समक्ष गोपनीय सूचना प्रकट नहीं करते जब तक कि हमारे लिए कानूनी रूप से ऐसा करना अनिवार्य न हो और हम ऐसा करने के लिए उचित ढंग से प्राधिकृत न हों। हम ऐसी सूचना को चोरी अथवा दूसरों द्वारा दुरुपयोग से बचाने के लिए कंपनी की नीतियों का पालन करते हैं। गोपनीय सूचना में वह सम्पूर्ण गैर-सार्वजनिक सूचना शामिल है जो प्रकट किए जाने पर प्रतिस्पर्धियों के लिए उपयोगी हो सकती है, अथवा हमारी कंपनी अथवा इसके ग्राहकों और अन्य तृतीय पक्षों के लिए नुकसानदायक हो सकती है। गोपनीय सूचना के उदाहरणों में निम्नलिखित शामिल हैं

- वित्तीय डेटा
- व्यापारिक रहस्य और तकनीकी जानकारी
- अधिग्रहण और विनिवेश के अवसर
- ग्राहक और आपूर्तिकर्ता संबंधी सूचना
- हमारे कर्मचारियों की सूचना
- विपणन योजनाएं

कंपनी के साथ आपका रोजगार समाप्त होने के बाद भी सूचना को गोपनीय रखने की बाध्यता बनी रहती है, और आप आपके पूर्ववर्ती नियोक्ता की गोपनीय सूचना भी हमारी कंपनी के समक्ष प्रकट नहीं करेंगे। इसके अतिरिक्त, हम दूसरों की गोपनीय सूचना प्राप्त करने के लिए गैरकानूनी अथवा अनैतिक साधनों (जैसे चोरी, जासूसी, अथवा गलतबयानी) का उपयोग नहीं करते।

हम अपनी कंपनी और अन्य कंपनियों की बौद्धिक संपदा का भी सम्मान और संरक्षण करते हैं। पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और अन्य प्रकार की बौद्धिक संपदा का उल्लंघन न करें और बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएँ। यदि बौद्धिक संपदा के संबंध में आपके कोई प्रश्न हैं, तो कानूनी विभाग और बौद्धिक संपदा विभाग (Intellectual Property Department) से परामर्श करें।

**प्रश्न** एक पूर्व सहकर्मी ने मुझसे एक गोपनीय रिपोर्ट की एक प्रति मांगी जो उसने तब तैयार की थी जब वह हमारी कंपनी में नियुक्त थी। क्या मैं उसे यह दे सकता हूँ?

**उत्तर** नहीं। आपकी पूर्व सहकर्मी ने हमारी कंपनी में कार्यरत रहते हुए रिपोर्ट बनाने में योगदान दिया था, इसका यह अर्थ नहीं है कि उसे अब एक प्रति प्राप्त करने की अनुमति है। आपको इस अनुरोध पर कैसे कार्रवाई करनी है, इस संबंध में आपको अपने सुपरवाइज़र से बात करनी चाहिए।

## इंटरनेट और सूचना संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग

हममें से बहुत से लोगों को हमारे कार्य अथवा व्यक्तिगत कम्प्यूटर और फोन पर इंटरनेट तक पहुँच प्राप्त है। कार्यस्थल पर प्रौद्योगिकी उपकरणों के कभी-कभी व्यक्तिगत उपयोग की अनुमति दी जा सकती है, परंतु हमारी कंपनी की प्रतिष्ठा और व्यवसाय सूचना के संरक्षण के संबंध में सावधान रहें। सोशल मीडिया सहित इंटरनेट पर ऐसी टिप्पणियाँ कभी पोस्ट न करें जो दूसरों को बदनाम, उत्पीड़ित करती हैं अथवा धमकाती हैं। और तब तक कंपनी की ओर से टिप्पणियाँ पोस्ट न करें जब तक आपको ऐसा करने के लिए विशेष रूप से प्राधिकृत न किया गया हो।

आपको कंपनी के प्रौद्योगिकी संसाधनों का उपयोग करते समय हमारी कंपनी की सभी नीतियों का अनुपालन करना चाहिए। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि आप अपने कंप्यूटर और अन्य प्रौद्योगिकी संसाधनों को सुरक्षित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करें। यदि आपके पास यह विश्वास करने के लिए कोई भी कारण है कि आपके पासवर्ड अथवा किसी कंपनी कंप्यूटर, टेलीफोन, अथवा प्रौद्योगिकी संसाधन की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार से छेड़छाड़ की गई है, तो आपको तुरंत अपना पासवर्ड अवश्य बदलना चाहिए और यदि आप जापान में हैं, तो मामले को मुख्य सुरक्षा प्रबंधक (Chief Security Manager) अथवा साइबर सुरक्षा घटना सहायता डेस्क (Cyber Security Incident Help Desk) को रिपोर्ट करना चाहिए, अथवा यदि आप जापान से बाहर हैं तो अपने संबंधित सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (Information Technology Department) को रिपोर्ट करना चाहिए।

कंपनी के कम्प्यूटरों में भंडारित की गई सभी व्यक्तिगत फाइलें कंपनी की संपत्ति होती हैं। लागू कानून द्वारा अनुमत सीमा तक कंपनी ई-मेल संदेशों सहित इसके कंप्यूटर और संचार संसाधनों पर भंडारित अथवा संचारित किसी भी फाइल की समीक्षा कर सकती है।

**प्रश्न** मेरे सुपरवाइज़र ने मुझसे मेरे कंप्यूटर का पासवर्ड मांगा क्योंकि मैं छुट्टी पर जा रहा हूँ। क्या यह ठीक है?

**उत्तर** नहीं। ऐसा कोई व्यावसायिक कारण नहीं है जिसके लिए आपको अपना पासवर्ड अपने सुपरवाइज़र को देना पड़े।

## मीडिया और अन्य के साथ संपर्क

हमारी कंपनी को प्राय: मीडिया, वित्तीय विश्लेषकों और अन्य लोगों से सूचना के लिए अनुरोध प्राप्त होते हैं। हमारा लक्ष्य है - सटीक, लगातार और सार्वजनिक कंपनियों के संबंध में सूचना के उचित प्रकटन के संदर्भ में प्रतिभूति कानूनों के अनुपालन में संचार करना।

यदि आप आधिकारिक कंपनी प्रवक्ता नहीं हैं, तो आप तब तक कंपनी प्रतिनिधि के रूप में मीडिया, प्रतिभूति विश्लेषकों, शेयरधारकों के साथ, सोशल मीडिया पर, अथवा कहीं और संचार नहीं कर सकते जब तक कि आपको जनसंपर्क विभाग (Public Relations Department) द्वारा ऐसा करने के लिए विशेष रूप से प्राधिकृत न किया गया हो। कभी भी स्वयं मीडिया के प्रश्न का उत्तर देने का प्रयास न करें, चाहे आपको लगता हो कि आपको उत्तर पता है। मीडिया, वित्तीय समुदाय, शेयरधारकों, अथवा जनता की ओर से कंपनी के संबंध में वित्तीय अथवा अन्य सूचना के लिए अनुरोध जनसंपर्क विभाग को भेजे जाने चाहिए। विनियामकों अथवा सरकार की ओर से सूचना के अनुरोध आपके स्थानीय अनुपालन संपर्क और कानूनी विभाग को भेजे जाने चाहिए।

**प्रश्न** मैं ऑनलाइन एक लेख पढ़ रहा था जिसमें हमारे व्यवसाय के बारे में गलत सूचना दी गई है। मैं इस पर प्रतिक्रिया देना चाहूँगा। क्या मैं ऐसा कर सकता हूँ?

**उत्तर** आपको ऐसे लेख पर तब तक प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए जब तक कि आपको जनसंपर्क विभाग द्वारा ऐसा करने के लिए प्राधिकृत नहीं किया गया है। आपको इसके बजाय लेख को जनसंपर्क विभाग अथवा कानूनी विभाग को संदर्भित करना चाहिए, जो कंपनी की ओर से प्रतिक्रिया दे सकते हैं।

# हमारे लोगों और हमारे पर्यावरण

के प्रति  हमारी प्रतिबद्धता



## एक दूसरे का सम्मान करना

जिस प्रकार हम एक दूसरे के साथ व्यवहार करते हैं, वह हमारे कार्य करने के तरीके को प्रभावित करता है। हम सभी एक ऐसा कार्यस्थल चाहते हैं और इसके हकदार हैं जहाँ हमारे साथ सम्मानजनक व्यवहार हो। हममें से प्रत्येक की ज़िम्मेदारी है ऐसे वातावरण को बनाने में अपना योगदान देने की, और सुपरवाइज़रों की ऐसे कार्यस्थल को प्रोत्साहित करने की विशेष ज़िम्मेदारी है जो ईमानदारी, निष्ठा, सम्मान और विश्वास को बढ़ावा दे।

## भेदभाव एवं उत्पीड़न की रोकथाम

हमारी कंपनी में हम विविधता और समावेशन का एक वैश्विक कंपनी के रूप में हमारी सफलता के आधार के रूप में आदर, समर्थन और सम्मान करते हैं। इस कारण से हम प्रजाति, जातीयता, राष्ट्रीय मूल, धर्म, आयु, लिंग, लैंगिक पहचान, यौन रुचि, विकलांगता, अथवा लागू कानूनों द्वारा संरक्षित किसी अन्य विशिष्टता के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करते। कुछ अपमानजनक चुटकुले, टिप्पणियाँ, चित्र, इशारे, अथवा किसी संरक्षित विशिष्टता से संबंधित स्पर्श उत्पीड़न की श्रेणी में आ सकते हैं जिन्हें हमारी कंपनी सहन नहीं करती।

**प्रश्न** मेरे समूह के कुछ अन्य कर्मचारी मेरी शारीरिक दिखावट के बारे में मज़ाक उड़ाते हैं। मैं जानता हूँ कि उनका मकसद नुकसान पहुँचाना नहीं है, परंतु उनके द्वारा मज़ाक किया जाना मुझे परेशान करता है और मैंने उनसे ऐसा न करने के लिए कहा है। उन्होंने प्रतिक्रिया दी कि मुझे अपनी विनोद भावना में सुधार करना चाहिए। मुझे क्या करना चाहिए?

**उत्तर** आपको मानव संसाधन, कानूनी विभाग, अथवा अपने स्थानीय अनुपालन संपर्क को स्थिति से अवगत कराना चाहिए। जिस "मज़ाक" का आप विवरण दे रहे हैं वह हमारी कंपनी के लिए हास्यजनक नहीं है। बल्कि यह निष्पक्षता, सम्मान और गरिमा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का उल्लंघन हो सकता है।

**प्रश्न** आप हमारी कंपनी के किसी अन्य भाग में नौकरी के लिए आवेदन करना चाहते हैं, परंतु आपको यह बताया गया कि इस पद के सुपरवाइज़र का यह मानना है कि इस भूमिका को किसी युवा पुरुष कर्मचारी द्वारा भरा जाना चाहिए। क्या इसकी अनुमति है?

**उत्तर** नहीं। कंपनी आयु, लिंग, अथवा कानून द्वारा संरक्षित किसी अन्य श्रेणी के संबंध में भेदभावपूर्ण व्यवहार को नियुक्ति संबंधी निर्णयों को प्रभावित करने की अनुमति नहीं देती। आपको इस मामले को इस संहिता में चिह्नित किसी संसाधन को रिपोर्ट करना चाहिए।

## कर्मचारी की निजता और व्यक्तिगत डेटा

हम सभी व्यक्तियों की निजता और गरिमा का सम्मान करते हैं। हमारी कंपनी चिकित्सा और लाभ सूचना सहित आपके रोजगार से संबंधित व्यक्तिगत सूचना एकत्र करती है तथा इसका रिकॉर्ड रखती है। कई देश यह विनियमन करते हैं कि कंपनियाँ कैसे "व्यक्तिगत डेटा" एकत्रित, भंडारित, और उपयोग करती हैं, जिसमें व्यक्ति का नाम, पता और अन्य सूचना शामिल है। किसी वैध व्यावसायिक उद्देश्य से व्यक्तिगत सूचना जानने की आवश्यकता वाले कंपनी के कर्मचारियों तक व्यक्तिगत सूचना तक पहुँच सीमित करने के लिए विशेष ध्यान दिया जाता है। जो कर्मचारी व्यक्तिगत सूचना रखने के लिए जिम्मेदार हैं और जिन्हें ऐसी सूचना तक पहुँच उपलब्ध कराई जाती है, उन्हें लागू कानून अथवा कंपनी की नीतियों का उल्लंघन करते हुए निजी सूचना कतई प्रकट नहीं करनी चाहिए।

आपको कंपनी की उन नीतियों और लागू कानूनों तथा विनियमों की जानकारी होनी चाहिए और उनका अनुपालन करना चाहिए जो आपके कार्य से संबंधित हैं।

**प्रश्न** आपको पता चलता है कि एक सहकर्मी अन्य कर्मचारियों को एक सामुदायिक कार्यक्रम की जानकारी देने के लिए उनके घर के पतों और फोन नंबरों तक पहुँच प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है। क्या आपको कुछ करना चाहिए?

**उत्तर** आपको उस सहकर्मी को स्पष्ट करना चाहिए कि वह इन उद्देश्यों से इस सूचना तक पहुँच प्राप्त नहीं कर सकती अथवा इसका उपयोग नहीं कर सकती। यदि आपको लगता है कि वह फिर भी ऐसा करने का प्रयास कर सकती है, तो आपको इस मामले को अपने सुपरवाइज़र, मानव संसाधन, अथवा इस संहिता में सूचीबद्ध किसी अन्य कार्य प्रक्रिया का उपयोग करके रिपोर्ट करना चाहिए।

## कार्यस्थल सुरक्षा

कंपनी हमारे कर्मचारियों को स्वस्थ रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि कर्मचारी सुरक्षित कार्यस्थल में रहें और हम सभी इस ज़िम्मेदारी को साझा करें। आपको सभी सुरक्षा दिशानिर्देशों की जानकारी होनी चाहिए और इनका पालन करना चाहिए और किसी भी असुरक्षित कार्य संचालन स्थिति अथवा कार्यस्थल पर होने वाली दुर्घटना के बारे में रिपोर्ट करना चाहिए। किसी दूसरे व्यक्ति के साथ मौखिक अथवा शारीरिक हिंसा अथवा कंपनी की संपत्ति के दुरुपयोग के किसी कार्य अथवा धमकी को तुरंत सुरक्षा, अपने सुपरवाइज़र, अथवा अन्य उचित कंपनी संसाधनों को रिपोर्ट किया जाना चाहिए।

आपको अनधिकृत अथवा अवैध नशीली दवाओं अथवा अल्कोहल वाले पेय के प्रभाव में कार्य पर कतई नहीं आना चाहिए या ऐसी स्थितियों में कार्य नहीं करना चाहिए। कोई भी कर्मचारी कार्यस्थल में हथियार नहीं ला सकता (लागू कानून में किए गए प्रावधान को छोड़ कर)।

**प्रश्न** मेरे सुपरवाइज़र ने कार्य की समय-सीमा को पूरा करने के लिए मुझसे कुछ आवश्यक सुरक्षा जाँचें छोड़ने के लिए कहा। मुझे क्या करना चाहिए?

**उत्तर** इन कार्य प्रक्रियाओं को न छोड़ें। चाहे कोई भी आपसे कुछ करने के लिए कहे, यदि आपको पता है कि यह गलत है तो ऐसा न करें। यदि आप अपने सुपरवाइज़र के साथ इस संबंध में चर्चा करने में असहज महसूस कर रहे हैं, तो अपने सुपरवाइज़र के सुपरवाइज़र, कानूनी विभाग, अथवा इस संहिता में चिह्नित किसी अन्य संसाधन से संपर्क करें।

## गुणवत्ता

हमारी कंपनी लगातार उच्च गुणवत्ता के उत्पादों तथा सेवाओं की आपूर्ति करने के लिए प्रतिबद्ध है। गुणवत्ता के प्रति यह प्रतिबद्धता हमारे संगठन के प्रत्येक हिस्से – प्रत्येक व्यवसाय और प्रत्येक स्थान पर लागू होती है।

**प्रश्न** हम विभिन्न विनियमित पदार्थों के निपटान के लिए अनुबंधकर्ता का उपयोग करते हैं। उनके कर्मचारियों से सुनी गई कुछ टिप्पणियों के आधार पर मुझे लगता है कि शायद वे इन पदार्थों का कानूनी रूप से निपटान नहीं कर रहे हैं। चूँकि यह एक ऐसा अनुबंधकर्ता है जो अनुपालन नहीं कर रहा है, तो क्या यह हमारे लिए महत्वपूर्ण है?

**उत्तर** हाँ, महत्वपूर्ण है। अनुबंधकर्ता जो कर रहा है, वह हमारी कंपनी के लिए दायित्व बन सकता है और यदि इसमें कोई कानूनी दायित्व नहीं भी हो, तब भी यह महत्वपूर्ण होगा। यदि आपके पास यह सोचने का कारण है कि हमारा कोई व्यावसायिक भागीदार अनुपालन नहीं कर रहा है, तो इसे नजरअंदाज न करें। अपने सुपरवाइज़र, अपने स्थानीय अनुपालन संपर्क, कानूनी विभाग, अथवा इस संहिता में चिह्नित किसी अन्य संसाधन से बात करें।

## पर्यावरणीय अनुपालन


हमारी कंपनी पर्यावरणीय प्रबंधन और हमारे क्रियाकलापों के पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने के प्रति प्रतिबद्ध है। हम सभी लागू पर्यावरणीय कानूनों का अनुपालन करते हैं। हममें से प्रत्येक हमारे कार्यों पर लागू पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को जानने और उन जिम्मेदारियों के अनुसार व्यवसाय का संचालन करने के लिए जिम्मेदार है।

## मानवाधिकार


हमारी कंपनी उन सभी समुदायों में मानवाधिकारों का समर्थन करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहाँ हम प्रचालन करते हैं। हम बाल और गुलाम मजदूरी का विरोध करते हैं, हम प्रत्येक व्यक्ति के साथ गरिमा और सम्मान का व्यवहार करते हैं। हम हमारे अनुबंधकर्ताओं और आपूर्तिकर्ताओं को भी मानवाधिकारों का समर्थन करने और बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हम उनके साथ काम करना पसंद करते हैं जो कंपनी के मूल्यों को साझा करते हैं और सक्रिय रूप से इनका समर्थन करते हैं।

## मैं एक नैतिक दुविधा का सामना कर रहा हूँ।


# मैं किससे संपर्क कर सकता हूँ?



आपको प्रश्न पूछने और मार्गदर्शन माँगने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हम सभी की सामने आकर अपनी बात रखने और ऐसे व्यवहार को रिपोर्ट करने की ज़िम्मेदारी है जिसे हम गैरकानूनी, असुरक्षित, अथवा अनैतिक समझते हैं। चिंताएं व्यक्त करने से कंपनी और हमारे कर्मचारियों - दोनों का संरक्षण होता है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे आप मार्गदर्शन माँग सकते हैं अथवा चिंताएं व्यक्त कर सकते हैं। कंपनी ऐसे किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध बदले की मनाही करती है जो नेकनीयती से प्रश्न अथवा चिंताएं प्रस्तुत करता है।




**मानव संसाधन**
से संपर्क करें



**किसी स्थानीय अनुपालन संपर्क**
से मार्गदर्शन मांगें



**कानूनी विभाग**
से संपर्क करें



**अपने सुपरवाइज़र**
से बात करें

ऑनलाइन एक रिपोर्ट प्रस्तुत करें, हॉटलाइन पर कॉल करें, अथवा ईमेल करें:

**http://global-sei.com/company/compliance-hotlines.html**

टिप्पणियाँ

टिप्पणियाँ

**Sumitomo Electric Group की आचार संहिता (Code of Conduct)**

अनुपालन समिति, Sumitomo Electric Industries, Ltd.
(कार्यालय: अनुपालन समूह (Compliance Group), अनुपालन एवं जोखिम प्रबंधन कार्यालय (Compliance & Risk Management Office))
अप्रैल 2018, प्रथम संस्करण, आचार संहिता (Code of Conduct)

Sumitomo Electric Industries, Ltd.

Sumitomo Electric Industries, Ltd.
4-5-33 Kitahama, Chuo-ku
Osaka 541-0041, Japan

http://global-sei.com